# शास .वि .या.ताम.स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

## वाणिज्य एवं प्रबंध विभाग

## विस्तार गतिविधि - प्रश्न एवं करियर मंच कार्यक्रम

# रिपोर्ट




विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर महाविद्यालय के वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग द्वारा प्रायोजक पीएम उषा के तहत विस्तार गतिविधि के तहत कैरियर मार्गदर्शन और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 11/01/2024 से 18/01/2024 किया गया। करियर चयन एक महत्वपूर्ण निर्णय है जो विद्यार्थियों के जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। विशेष रूप से कक्षा 12 के विद्यार्थियों के लिए सही मार्गदर्शन का होना अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि उनके पास विभिन्न करियर विकल्प होते हैं और सही दिशा का चयन करना मुश्किल हो सकता है। उन्हें अपने करियर का सही निर्णय लेने की जरूरत होती है। इस विस्तार गतिविधि का प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थियों को उनकी रुचि और क्षमताओं के आधार पर सही करियर विकल्प की दिशा में मार्गदर्शन करना है।

- करियर मार्गदर्शन के माध्यम से, छात्रों को विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों से सलाह प्रदान किया गया ।
- करियर मार्गदर्शन के माध्यम से छात्रों को अन्य सफल लोगों की कहानियों और उनके काम की सफलताओं का अध्ययन कराया गया ।
- करियर मार्गदर्शन छात्रों को उनके रुचि, क्षमताओं, और लक्ष्यों के आधार पर सही निर्णय लेने में सहायता प्रदान की गई।
- करियर मार्गदर्शन के माध्यम से, छात्रों को विभिन्न करियर विकल्पों के बारे में जानकारी प्रदान की गई।

इस विस्तार गतिविधि का उद्देश्य विद्यार्थियों को 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा के लिए तैयार करना है। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा की तैयारी के लिए एक महत्वपूर्ण और प्रभावी उपकरण है। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता छात्रों में आत्मविश्वास और जागरूकता पैदा करने का एक उत्कृष्ट तरीका है तथा एक सहायक वातावरण बनाने का एक प्रयास किया गया जहां विद्यार्थी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए और सफलताओं और गलतियों दोनों से सीखने के लिए प्रोत्साहित महसूस करें। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को आने वाले 12वी बोर्ड परीक्षा के लिए भी तैयार करने के लिए विभिन्न विषयों को कवर कर किया गया तथा सभी विषयों से प्रश्नों का चयन किया। इससे विद्यार्थियों निम्मलिखित रूप से भी लाभांवित हुए

- क्विज़ प्रतियोगिता के माध्यम से छात्रों का ज्ञान अवलोकन और उन्हें अपने तैयारी के स्तर का अंदाज़ा हुआ।
- क्विज़ प्रतियोगिता में भाग लेने से छात्रों को अध्ययन का महत्व और ध्यान केंद्रित करने की प्रेरणा मिली।

- क्विज़ प्रतियोगिता के माध्यम से छात्र अपनी पढ़ाई का समीक्षा करने तथा कमजोर विषयों पर अधिक ध्यान केंद्रित करने में बल दिया गया।
- क्विज़ प्रतियोगिता में भाग लेने से छात्र समय प्रबंधन कौशल सिखाया गया, क्योंकि उन्हें सीमित समय में उत्तर देना होता है।
- क्विज़ प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने से छात्रों का आत्म-विश्वास बढ़ा और उन्हें अपनी क्षमताओं पर पूरा विश्वास हुआ।

विद्यार्थियों को विभिन्न शैक्षणिक अनुभव प्रदान करने के लिए उनके दृष्टिकोण को विस्तृत करना, उन्हें समृद्ध और विविध संस्थाओं के संपर्क में लाना, जिससे उनके नेटवर्क में इजाफा हो तथा कई स्कूलों को विस्तार गतिविधि के तहत कैरियर मार्गदर्शन और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता कार्यक्रम में शामिल करना विद्यार्थियों को एक संघर्षी और व्यापक करियर प्रोफ़ाइल तैयार करने के लिए यह कार्यक्रम दुर्ग शहर के कुल 10 स्कूलों में आयोजित किया गया –

1. श्री महावीर जैन विद्यालय
2. शासकीय तिलक कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय
3. महात्मा गांधी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय
4. मारवाड़ी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय
5. बी.आर.जे आदर्श कन्या विद्यालय
6. स्वामी आत्मानंद हिंदी मीडियम विद्यालय
7. शहीद भगत सिंह विद्यालय
8. शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, तकियापारा
9. स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, दीपक नगर
10. विद्यापीठ विद्यालय, मालवीय चौक

विस्तार गतिविधि को अधिक प्रभावी और अधिक उपयोगी बनाने के लिए विद्यार्थियो को विभिन्न अध्ययन सामग्री और करियर चार्ट वितरित किए गए । करियर चार्ट ग्राफ़ करियर की प्रगति को दर्शाते हैं, वे विद्यार्थियो को उनकी वर्तमान स्थिति और वांछित करियर प्रक्षेप पथ की कल्पना करके यथार्थवादी करियर लक्ष्य और उद्देश्य निर्धारित करने में मदद करते हैं। कैरियर चार्ट ग्राफ़ विद्यार्थियो को समय के साथ अपनी प्रगति को ट्रैक करने, सुधार के क्षेत्रों और उन क्षेत्रों की पहचान करने की अनुमति देते हैं। अपने करियर की प्रगति को ग्राफिक रूप से देखना विद्यार्थियो के लिए अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने और अपने करियर में आगे बढ़ने की दिशा में काम करने के लिए प्रेरणा के रूप में काम करता है।

********** विस्तार गतिविधि के प्रथम दिवस का विवरण **********

विस्तार गतिविधि के प्रथम दिवस दिनांक 11/01/2024 पर शासकीय तिलक कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं मारवाड़ी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से शुरुआत किया गया। इस अवसर पर कक्षा 12वी वाणिज्य के विद्यार्थियों को करियर चयन के लिए सही मार्गदर्शन प्रदान किया गया तथा सभी विद्यार्थियों को कैरियर चार्ट वितरीत किया गया। इस सत्र में उन्हें सफल व्यक्तित्वों के उदाहरण प्रदान किए गए और उन्हें स्वयं में आत्मविश्वास और संवेदनशीलता को कैसे बढ़ाएं, इस पर चर्चा की गई। हमने विद्यार्थियों को विभिन्न करियर विकल्पों के बारे में जानकारी प्रदान की जैसे :-चार्टर्ड अकाउंटेंट (CA), कंपनी सचिव (CS), कॉस्ट अकाउंटेंट (CMA), बैंक परीक्षाओं की तैयारी , वित्तीय योजनाकार , विपणन क्षेत्र में करियर, छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षाएं , एस.एस.बी, आदि। प्रोफेशनल व्यक्तित्व विकास के लिए उन्हें पेशेवर व्यक्तित्व के लिए जरूरी कौशलों के बारे में शिक्षा दी गई, जैसे कि संचार कौशल, समस्या समाधान, और समय प्रबंधन।


ासकीय तिलक कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)
संलग्न शास.तिलक पूर्व माध्य.शाला (जिला एवं संकुल स्त्रोत केन्द्र दुर्ग)
Save Water
GPS Map Camera
Dega Para, Chhattisgarh, India
57VG+25Q, Teachers Colony, Dega Para, Durg, Chhattisgarh 491001, India
Lat 21.192753°
Long 81.275662°
11/01/24 04:52 PM GMT +05:30
Google



अंत में इस कार्यकर्म को आने वाले समय में और प्रभावी बनाने के लिए विद्यार्थियो से फीडबैक फॉर्म भी भरवाया गया जिसमे विधार्थियों से निम्न प्रश्न पूछे गए जैसे - क्या प्रश्न एवं कैरियर मंच का आयोजन कराया जाना चाहिए, कैरियर मंच क्रार्यक्रम कम से कम कितने दिन का होना चाहिए, प्रश्न एवं कैरियर मंच के बाद क्या आपके में कुछ परिवर्तन महसूस कर पा रहें है, क्या प्रश्न मंच के बाद आप भविष्य में विभिन्न उच्च-शिक्षा के लिए महाविघालयों की प्रवेश परीक्षा एवं विभिन्न सरकारी पदो की भर्ती परीक्षा ( व्यापाम , पी.एस. सी. , यू. पी. एस सी. के द्वारा) की तैयारी करना चाहेगें, कैरियर मंच में आप जिस विषय की जानकारी प्राप्त कियें हैं क्या दूसरो को भी सुझाव देगें कि वो भी उस इस प्रकार के कैरियर मंच में सम्मिलित होकर जानकारी प्राप्त करें, आपके स्कूल में विषय सैद्धांतिक स्तर पर पढ़ाया जा रहा है , प्रश्न एवं कैरियर मंच मे सम्मिलित होने के बाद उसे व्यावहारिक स्तर पर समझना और आसना होगा, प्रश्न एंव कैरियर मंच से आप क्या- क्या नया सीखे ?, प्रश्न एंव कैरियर मंच के बाद आप में कौन- कौन से प्रश्न उठ रहें हैं ? प्रश्न मंच का आयोजन आपके वाणिज्य विषय के आलाव और किस- किस विषय में कराया जाना चाहिए हैं। इस कार्यकर्म में के विद्यालय प्राचार्य एवं शिक्षक एवं महाविद्यालय के प्रध्यापक, सहायक प्रध्यापक और अथिति व्याख्याता शामिल हुए।

********** विस्तार गतिविधि के द्वितीय दिवस का विवरण **********

विस्तार गतिविधि के द्वितीय दिवस दिनांक 12/01/2024 पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, तकियापारा एवं स्वामी आत्मानंद हिंदी मीडियम विद्यालय के 12वी वाणिज्य छात्रों के लिए कैरियर मार्गदर्शन और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता कार्यक्रम आयोजित किया , इस अवसर पर विद्यार्थियों को करियर चयन के लिए सही मार्गदर्शन प्रदान किया गया तथा सभी विद्यार्थियों को कैरियर चार्ट वितरीत किया गया। विद्यार्थियों को प्रोफेशनल कोर्सेज चार्टर्ड अकाउंटेंट (CA), कंपनी सचिव (CS), कॉस्ट अकाउंटेंट (CMA) परीक्षा के तीन स्तर पर विस्तार से चर्चा हुई।


PG. AUTONOMOUS COLLEGE
DURG (C.G.)
A+
NAAC
PARTMENT OF
RCE & MANAGEMENT
GPS Map Camera
Durg, Chhattisgarh, India
57RJ+F3C, Chandi Mandir Rd, Takiya Para, Durg, Chhattisgarh 491001, India
Lat 21.19128°
Long 81.280257°
12/01/24 01:46 PM GMT +05:30
Google


SWAMI ATMANAND
GOVT. ENGLISH/HINDI MEDIUM SCHOOL
TITURDIH, DIST-DURG, CHHATTISGARH
PIN-491001
UDISE-22100710807
"बाल देवो भव"
मेरा विद्यालय, मेरा देवालय
T. V.Y.T. PG. AUTONOMOUS C
DURG (C.G.)
A+
NAAC
शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय
दुर्ग (छ.ग.)
वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग
विस्तार गतिविधियाँ
GPS Map Camera
Bhilai, Chhattisgarh, India
57XX+MRQ, Sindhya Nagar, Bhilai, Durg, Chhattisgarh 491001, India
Lat 21.199333°
Long 81.29951°
13/01/24 01:31 PM GMT +05:30
Google

********* **विस्तार गतिविधि के द्वितीय दिवस का विवरण** ********

विस्तार गतिविधि के तीसरे दिन दिनांक 13/01/2024 पर शहीद भगत सिंह विद्यालय एवं स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, दीपक नगर के 12वी वाणिज्य छात्रों के लिए प्रश्न एवं करियर मंच कार्यक्रम आयोजित किया , इस अवसर पर विद्यार्थियों को करियर चयन के लिए सही मार्गदर्शन प्रदान किया गया तथा सभी विद्यार्थियों को विभिन्न अध्ययन सामग्री एवं कैरियर चार्ट वितरीत किया गया। 12वी बोर्ड परीक्षा तैयार करने के लिए विभिन्न विषयों एवं पिछले वर्ष के प्रश्न पत्र का विश्लेषण किया गया।






********** विस्तार गतिविधि के चौथा दिवस का विवरण **********

विस्तार गतिविधि के चौथा दिवस दिनांक 15/01/2024 पर बी.आर.जे आदर्श कन्या विद्यालय एवं विद्यापीठ विद्यालय, मालवीय चौक के 12वी वाणिज्य छात्रों के लिए प्रश्न एवं करियर मंच कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यार्थियों को छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सहायक शिक्षक एवं सहायक प्रध्यापक परीक्षा के बारे में विस्तार से बताया गया तथा यूजीसी द्वारा आयोजित नेट परीक्षा का संक्षेप विवरण प्रदान किया गया। करियर लक्ष्य और उद्देश्य निर्धारित करने में मदद करने हेतु विभिन्न अध्ययन सामग्री एवं कैरियर चार्ट विद्यार्थियो को वितरीत किया गया।


GPS Map Camera
Google
Durg, Chhattisgarh, India
57MM+RJ6, Civil Lines, Durg, Chhattisgarh 491001, India
Lat 21.184407°
Long 81.283769°
16/01/24 05:02 PM GMT +05:30


GPS Map Camera
Google
Malviya Nagar, Chhattisgarh, India
57VQ+8Q9, Sindhi Colony, Malviya Nagar, Bhilai, Chhattisgarh 491001, India
Lat 21.193538°
Long 81.289923°
16/01/24 11:58 AM GMT +05:30

********** विस्तार गतिविधि के पाँचवा दिवस का विवरण **********

विस्तार गतिविधि के द्वितीय दिवस दिनांक 16/01/2024 पर श्री महावीर जैन विद्यालय एवं महात्मा गांधी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के 12वी वाणिज्य विद्यार्थियों के लिए कैरियर मार्गदर्शन और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता कार्यक्रम आयोजित किया गया।, इस अवसर पर विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा उत्तर लेखन कौशल और समय प्रबंधन के बारे में विस्तार से बताया गया तथा छात्रों को 12वीं बोर्ड परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने और उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने के लिए विद्यार्थियों को शिक्षण सामग्री और करियर चार्ट प्रदान किया।




GPS Map Camera
Durg, Chhattisgarh, India
57QG+9M7, Baniya Para, Durg, Chhattisgarh 491001, India
Lat 21.188406°
Long 81.276619°
16/01/24 01:59 PM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Semariya, Chhattisgarh, India
9625+7CQ, Semariya, Chhattisgarh 491001, India
Lat 21.351304°
Long 81.208547°
20/01/24 11:52 AM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Google
Semariya, Chhattisgarh, India
9625+7CQ, Semariya, Chhattisgarh 491001, India
Lat 21.35132°
Long 81.208601°
20/01/24 11:47 AM GMT +05:30


शासकीय
प्राथमिक/पू.माध्यमिक
उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय लिटिया
वि.खं:-धमधा
जिला-दुर्ग(छ.ग.)
GPS Map Camera
Google
Semariya, Chhattisgarh, India
9625+7CQ, Semariya, Chhattisgarh 491001, India
Lat 21.351119°
Long 81.208838°
20/01/24 01:41 PM GMT +05:30